तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 27 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 लालपुर के छात्रों ने वीर जवानों के लिए भेजे रक्षा सूत्र



14 एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल की डिबेट टीम ने मारी बाजी



## बारिश : बाढ़ का पानी सिंगारडीह के बस्ती में पहुंचा, निषाद परिवार का घर टूटा

# तेज बारिश से लोर नाला उफान पर, डूबा ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरला

तहसील- भिंभौरी क्षेत्र के निकटवर्तीय स्थित लोर नाला देर रात हुई तेज बारीश उफान पर आ गया, जिसके चलते बारिश का पानी ग्राम सिंगारडीह, खंघारपाट के बस्ती पर पहुंचा गया। बारिश का पानी बस्ती में आने से जहां निषाद परिवार का घर टूट गया। वहीं कई लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा। खंघारपाट में लगे बिजली ट्रांसफार्मर पानी में डूब जाने से उक्त गांव के साथ साथ कई ग्रामों पर विद्युत व्यवस्था प्रभावित रही।

विदित हो कि भिंभौरी क्षेत्र के निकटवर्तीय स्थित लोर नाला के अंतर्गत ग्राम बोहारडीह एवं सिंगारडीह के बिच पुल निर्माण कार्य बीते वर्ष 2024 से जारी है जो कि अब भी निर्माणाधीन है, किन्तु ग्राम सिंगारडीह से बोहारडीह की ओर आने जाने वाले लोगों के लिए पुल के ऊपर से मुरुम डालने के पश्चात आवागमन प्रारम्भ हो गया है। हालांकि बारिश के वजह से पुल से आने तक से लेकर पुल से जाने तक सड़क कीचड़ जैसा हो गया







है मगर लोग और दूसरा रास्ता नही होने की मजबूरी की वजह से पुल से लगे कीचड जैसे रास्ते से ही गुजर रहे हैं।

वहीं क्षेत्र में बीते शुक्रवार की रात तेज बारीश होने की वजह से नाला काफ़ी उफान पर है, जिससे ग्राम पंचायत गाड़ामोर के आश्रित ग्राम सिंगारडीह, ग्राम पंचायत खंघारपाट और बोहारडीह गांव की बस्तीयों में भी पानी घुस गया है। लोर नाला पर ग्राम बोहारडीह-सिंगारडीह में बन रहे पुल से कुछ ही दूरी पर स्थित बिश्नाथ निषाद का घर शनिवार की सुबह-सुबह बाढ़ की वजह से टुट गया। वहीं नाले से कुछ ही दूरी पर स्थित बुधारु निषाद का घर भी जलमग्न हो गया। ग्राम बोहारडीह बस्ती के अंतिम छोर पर कई घरों में पानी भर गया। कुछ ऐसा ही हाल ग्राम खंघारपाट के कई घरों में देखने को मिला। लोर नाले का बाढ़ इतना भयंकर था कि ग्राम खंघारपाट में एक ट्रांसफार्मर डूब गया। लगातार हो रहे बारिश और बाढ़ की वजह से विद्युत संचालन व्यवस्था क्षेत्र के कई गाँवों में घंटों तक प्रभावित रही। लोर नाला में आए ⏭ शेष पेज 12 पर

## हाफ नदी उफान पर : बोइरकछरा, बघुली समेत कई गांवों के खेत डूबे

**बेमेतरा/नवागढ़।** क्षेत्र की जीवनदायिनी मानी जाने वाली हाफ नदी इन दिनों रौद्र रूप में है। लगातार बारिश के चलते नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। मजगांव, उड़तला, बघुली, नेवशा, गोपालभैना, चरगंवा, झांकी, अमलीडीह और धोबनी गांवों में खेतों में खड़ी फसलें पानी में डूब गई हैं। ग्रामीणों के मुताबिक नदी किनारे बसे इलाकों में धान और सब्जियों की फसलें डूबी हैं। खेतों में पानी रुकने से फसल सड़ने का खतरा बढ़ गया है। किसानों ने प्रशासन से जल्द जल निकासी और मुआवजे की मांग की है।

**पुल-पुलिया डूबी, आवागमन बंद-** हाफ नदी पर बने कई पुल-पुलिया जलमग्न हो गए हैं, जिससे इन गांवों का संपर्क मुख्य सड़क से कट गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों, रोज़मर्रा के काम पर जाने वाले मजदूरों और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



**जनप्रतिनिधि और प्रशासन पर सवाल-** ग्रामीणों का कहना है कि हर साल इसी तरह बाढ़ आती है, लेकिन कोई स्थायी इंतजाम नहीं किए गए हैं। ना तो तटबंध बनाए गए और ना ही नालों की सफाई कराई गई। अब तक कोई जनप्रतिनिधि या अधिकारी गांव का दौरा करने तक नहीं पहुंचा है। हाफ नदी के तटीय इलाकों में बारिश थमने के बावजूद पानी का बहाव जारी है। ऐसे में हालात और खराब हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत सर्वे कराकर नुकसान का आकलन और मुआवजे की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर को

**बेमेतरा।** आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला न्यायालय परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने की। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निधि शर्मा सहित सभी न्यायाधीश मौजूद रहे। बैठक में 13 सितम्बर आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश ने निर्देश दिए कि लोक अदालत के दौरान अधिकतम प्रकरणों को चिन्हांकित कर उनका त्वरित व पारस्परिक सहमति के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

लोक अदालत में राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, चेक बाउंस के मामले, मोटरयान अधिनियम से संबंधित विवाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, निष्पादन वसूली, बीमा, भरण-पोषण, परिवार न्यायालय से जुड़े विवाद तथा सिविल प्रकृति के अन्य प्रकरणों को प्राथमिकता से शामिल किया जाएगा। न्यायाधीशों को निर्देशित किया गया कि वे संबंधित पक्षकारों के बीच वैकल्पिक विवाद समाधान की संभावनाएं तलाशते हुए प्री-सिटिंग (पूर्व बैठक) के माध्यम से आपसी सहमति का वातावरण बनाएं, जिससे अधिकतम प्रकरणों का समाधान लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर हो सके। बैठक के अंत में सभी न्यायाधीशों ने आपसी समन्वय से कार्य करते हुए नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु प्रतिबद्धता जताई।

### परपोड़ा में कारगिल विजय दिवस मना



**बेरला।** राज्य व जिला प्रशासन बेमेतरा के मंशानुरूप 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस का आयोजन हायर सेकंडरी स्कूल परपोड़ा में आयोजित हुआ। इसमें विद्यालय के शिक्षकों व छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम व्याख्याता बीएल कुर्रे ने कारगिल विजय दिवस पर विस्तार से छात्रों को अवगत कराया एवं प्राचार्य जेएल पारधी ने अपने संस्कृत के श्लोकों से भारत माता का वंदन किया। व्याख्याता माया जयन, पायल राजपूत और त्रिवेन्द्र शिवारे ने लद्दाख क्षेत्र के कारगिल सुदूर स्थल विपरीत परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कारगिल शब्द का संधि विच्छेद कर कारगिल के महत्व को बताते हुए भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता, बलिदान और दृढ़ संकल्प का याद दिलाया। पायल शर्मा ने अपने देशभक्ति कविता के ⏭ शेष पेज 12 पर

# बिरनपुर कांड : सीबीआई ने दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ साजा

प्रदेश के बहुचर्चित बिरनपुर कांड में सीबीआई की कार्रवाई लगातार जारी है। गुरुवार सुबह सीबीआई की टीम ने ग्राम बिरनपुर में दबिश देकर दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक अफजल खान और फजल को उनके घर से उठाया गया, जबकि चार अन्य आरोपियों की तलाश अब भी जारी है। सूत्रों के अनुसार, सुबह होते ही सीबीआई की टीम बिरनपुर पहुंची जिससे गांव में हलचल तेज हो गई। गांव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साजा थाना पुलिस ने इन गिरफ्तारियों की पुष्टि की है। गौरतलब है कि यह मामला वर्तमान विधायक ईश्वर साहू के पुत्र भुनेश्वर साहू की हत्या से जुड़ा है, जो ढाई वर्ष पूर्व धार्मिक संप्रदायिक तनाव के चलते हुआ था। घटना के बाद प्रदेशभर में आक्रोश फैल गया था और मामला विधानसभा तक पहुंचा। इसके बाद गृह मंत्री विजय शर्मा ने सीबीआई जांच की अनुशंसा की थी, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दी थी। सीबीआई ने जांच के तहत अब तक कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 12 पहले से जेल में बंद हैं। अब दो और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद गिरफ्तारियों की संख्या 14 हो गई है। सूत्रों का कहना है कि चार अन्य आरोपी अभी फरार हैं और उनकी तलाश में टीमें जुटी हुई हैं। इस कार्रवाई से एक बार फिर यह संकेत मिला है कि सीबीआई जांच अंतिम चरण में पहुंच रही है, और जल्द ही पूरे मामले में चार्जशीट दाखिल की जा सकती है। वहीं गांव और आसपास के क्षेत्रों में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

- इसके पहले 12 लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी, चार लोगों के खिलाफ और हो सकती है कार्रवाई

## कन्या शाला देवकर में हरेली की धूम, बच्चों ने लगाई मेहंदी



**देवकर।** कन्या प्राथमिक शाला देवकर में बस्ता विहीन शनिवार पर छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार का आयोजन किया गया। इस पर्व में शाला की शिक्षिकाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी बच्चे रसोइया, सफाईकर्मी, समाज से महिलाएं हरे रंग की वेशभूषा में उपस्थित हुए। इसमें मुख्य रूप से नीम के पत्तों से कार्ड निर्माण, टियारा निर्माण, गेड़ी चढ़ना, शाला में उपलब्ध औजारों की पूजा, नीम की टहनियों को शाला परिसर और कक्षाओं में लगाना, पारंपरिक नृत्य प्रस्तुति, गौ माता को लोंदी खिलाना एवं समाज से उपस्थित महिलाओं को हरे रंग के उपहार प्रदान किया गया। उनके द्वारा बच्चों के साथ कार्यक्रम प्रस्तुति दिया गया। बच्चों के हाथों में प्रधान पाठिका द्वारा हरियाली संबंधित मेंहदी लगायी गई। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने बच्चो को बताया कि हरेली पर्व का हमारे छत्तीसगढ़ में विशेष महत्व है और जो सारे कार्य इस पर्व में किए जाते है और जो हम बच्चों के साथ विद्यालय में करते हैं। सबका अलग अलग महत्व है। यह त्यौहार ⏭ शेष पेज 12 पर

# सोनपुरी हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/नवागढ़

सोनपुरी में 11 वर्षीय मासूम बच्ची की नृशंस हत्या के छह महीने बाद आखिरकार पुलिस को सफलता मिली है। मुख्य आरोपी सोहन राजपूत पिता रज्जू राजपूत 32 वर्ष को बिलासपुर के शनिचरी बाजार इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह पहचान छिपाकर कबाड़ी का काम कर रहा था। एसडीओपी मनोज तिर्की ने बताया कि आरोपी को बिलासपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया है। फिलहाल उससे घटना के संबंध में गहन पूछताछ जारी है।

**मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी, पहचान बदलकर रह रहा था-** छह महीने से फरार चल रहे सोहन राजपूत की मौजूदगी की सूचना पुलिस को एक मुखबिर के जरिए मिली, जिसके बाद बिलासपुर पुलिस ने कार्रवाई कर उसे पकड़ा। आरोपी ने अपनी पहचान पूरी तरह बदल रखी थी और कबाड़ी दुकान में मजदूरी कर रहा था, ताकि पुलिस को गुमराह कर सके।



- आरोपी बिलासपुर में पहचान छिपाकर कबाड़ी का काम करता था

घटना जनवरी 2025 की है। मृतिका के पिता अजय राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि खेत से लौटते वक्त उनकी बेटी अचानक लापता हो गई थी। कुछ समय बाद उसका शव पास के खेत में मिला। जांच में सामने आया कि गांव के ही सोहन राजपूत ने इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया और उसके बाद फरार हो गया।

**गिरफ्तारी में देरी पर उठे थे सवाल-** चार महीने तक गिरफ्तारी न होने पर लोधी समाज व सर्व समाज के नेतृत्व में 20 मई को चौकी संबलपुर का घेराव हुआ था। प्रदर्शन में कांग्रेस समेत कई सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इसके बाद आईजी रामगोपाल गर्ग ने 17 जून को घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से मुलाकात की और पुलिस को जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।

**30 हजार का इनामी था आरोपी-** पुलिस ने आरोपी पर पहले 5000 रुपए का इनाम घोषित किया था, जिसे बाद में बढ़ाकर 30 हजार रुपये कर दिया गया। इनाम की घोषणा आईजी दुर्ग रेंज द्वारा की गई थी। अब आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूरे फरारी काल की जांच कर रही है।



# टाउनशिप के उपभोक्ताओं को अब अधिक बिजली बिल देना होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**बीएसपी ने जारी किया नया टेरिफ, देना होगा अतिरिक्त चार्ज**

बीएसपी टाउनशिप के उपभोक्ताओं पर अब फिर बिजली का भार बढ़ेगा। राज्य विद्युत नियामक आयोग की मंजूरी के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र विद्युत अभियांत्रिकी विभाग (टीईई) ने वर्ष 2024-25 के लिए नई टेरिफ दरें घोषित कर दी हैं। बीएसपी द्वारा 0.88 प्रतिशत अधिक दर पर प्रति बिजली बिल देय होगा। बढ़ाई गई बिजली दर एक अगस्त से लागू होगी।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा बिजली दर बढ़ोत्तरी का प्रपोजल छग राज्य विद्युत नियामक आयोग के सामने रखा था। सेल भिलाई इस्पात संयंत्र को विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा राज्य विद्युत नियामक आयोग से टाउनशिप के अपने उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति करने में

- राज्य विद्युत नियामक आयोग की मंजूरी के बाद नए दरें होंगी लागू
- टाउनशिप में बढ़ाई गई बिजली दर 1 अगस्त से होगी लागू

अधिक राशि खर्च होने का हवाला देते हुए बिजली दर बढ़ाने की अनुमति मांगी थी। बीएसपी ने 11 से 15 रुपए प्रतिशत तक बिजली दर बढ़ाने का आग्रह किया था। लेकिन भिलाई चेंबर आफ कामर्स व टाउनशिप के व्यवसायियों ने 15 रुपए प्रति यूनिट दर को अधिक बताते हुए इसका विरोध कर कम बढ़ोत्तरी की मांग आयोग से की थी। राज्य नियामक आयोग के पत्र के बाद बीएसपी से उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिलेगी। आयोग ने चेंबर की आपत्ति के बाद 0.88 परसेंट तक रेट में वृद्धि की मंजूरी दी है। बीएसपी आज नई टेरिफ दरे लागू करने का सर्कुलर जारी कर दिया है। इसमें डोमेस्टिक व कमर्शियल दोनों की बिजली दर बढ़ा दी गई है। बढ़ाई गई दर 0.88 प्रतिशत अधिक है।

### फिक्स्ड चार्ज भी बढ़ेगा

आदेश के अनुसार उपभोक्ता एलवी श्रेणी में एलटी - डोमेस्टिक उपयोग के लिए उपभोक्ता को जीरो से 100 यूनिट बिजली उपयोग के लिए 20 रुपए न 101 से 200 यूनिट्स पर 5 किलो वाट के तहत फिक्स्ड चार्ज देना होगा। वहीं 201 से 400 यूनिट्स 30 और 401 से 600 यूनिट्स बिजली के लिए फिक्स्ड चार्ज लगेगा।

## खबर संक्षेप



### यूआरएम ने किया 5 मिलियन टन प्राइम रेल उत्पादन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की अत्याधुनिक यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) ने 5 मिलियन टन प्राइम रेल उत्पादन का कीर्तिमान स्थापित किया। वर्ष 2016 के दिसंबर माह में वाणिज्यिक उत्पादन आरंभ करने वाली इस इकाई ने मात्र आठ वर्षों में यह उपलब्धी हासिल की । इससे भारतीय रेलवे को मांग के अनुरुप रेल की आपूर्ति बढ़ेगी। यूआरएम ने भारतीय रेलवे की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप समय-समय पर अपने उत्पादों को विकसित किया है। ग्रेड 880 रेलों से लेकर उन्नत ग्रेड आर260 और आर350 एचटी रेलों का उत्पादन, यूआईसी-60 से 60ई 1 प्रोफाइल में बदलाव, तथा आरडीसीआईएस के साथ मिलकर आर -350 एनसी है। गुणवत्ता के क्षेत्र में भी यूआरएम ने उत्कृष्टता का परिचय दिया है। वित्त वर्ष 2017-18 में जहाँ गुणवत्ता स्वीकृति दर 82% थी, वहीं वर्तमान में यह बढ़कर 96% हो गई है, जो वैश्विक मानकों के अनुरूप है।

### नालियों के उपर से अतिक्रमण हटाया

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रं. 03 अंतर्गत नाली के उपर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। वार्ड क्रं. 30 प्रगति नगर एवं 31 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र के स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों द्वारा नाली के उपर ढ़लाई कर अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसके कारण नालियों की सफाई करने में परेशानी हो रही है और कचरा फंस जाने के कारण पानी का बहाव अवरूद्ध हो रहा था। समस्या को देखते हुए अवैध अतिक्रमण को जे.सी.बी. से तोड़ा गया और नाली के उपर से कब्जा मुक्त कराया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, जोन स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता अपने टीम के साथ उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी और सहायिकाओं ने समस्याओं को लेकर निकाली रैली, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने समस्याओं के निराकरण, लंबित मांगों को पूर्ण करने को लेकर दुर्ग कलेक्टर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। छग जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका कल्याण संघ जिला अध्यक्ष गीता बाघ ने बताया कि संगठन समय-समय पर लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया है। ज्ञापन में सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित करने, प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत मानदेय एमपी के तर्ज पर वृद्धि करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि पर्यवेक्षक भर्ती तत्काल निकाली जाए, आयु सीमा बंधन हटाते हुए 50 प्रतिशत में पदोन्नति, सहायिकाओं को शत-प्रतिशत पदोन्नत, उम्र का बंधन हटाया जाए। पोषण ट्रेकर एप में कार्य करने के लिए 5 जी मोबाइल और नेट खर्च, आने वाली समस्याओं का निराकरण किया जाए। कार्यकर्ताओं का मानदेय ना काटा जाए और ना ही दबाव बनाया जाए। ऑफलाइन ट्रेनिंग दिया जाए।

**सावन में बारिश कम** — मानसून दस दिन पहले आने की वजह से सिस्टम पर हुआ असर

# पिछले साल से खरखरा 30 व तांदुला जलाशय में 6 प्रतिशत कम जलभराव, बारिश भी 5 मिमी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सावन मास में सबसे ज्यादा बारिश होती है। इस बार सावन लगे हुए 12 दिन बीत गए हैं, लेकिन झमाझम बारिश नहीं हो रही। इसी महीने में जलाशयों में भी जलभराव इतनी अच्छी हो जाती है कि पूरे सालभर तक यही से पेयजल और सिंचाई के लिए दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले को पानी मिलता है। मौजूदा हालात ने जलाशयों की स्थिति को भी चिंता में डाल दिया है। प्रमुख जलाशय गोंदली में पिछले साल की अपेक्षा 6 फीसदी और खरखरा जलाशय में 30 फीसदी जलभराव कम है। इसी तरह पिछले साल यानी 25 जुलाई वर्ष 2024 की अपेक्षा औसत बारिश में भी दुर्ग जिला 5 मिलीमीटर कम है।



### तांदुला जलाशय में 39.80 प्रतिशत जलभराव

तांदुला जलाशय में 25 जुलाई 2025 को 39.80 प्रतिशत जलभराव ही हुआ है। पिछले साल 25 जुलाई 2024 को 45.25 प्रतिशत पानी भर गया था। यानी वर्तमान में 6 प्रतिशत जलभराव कम है। इस जलाशय से दुर्ग जिले को पेयजल और सिंचाई के लिए पानी मिलता है। यह सबसे बड़ा जलाशय है। दुर्ग जिले के अलावा बालोद, बेमेतरा जिले को भी पानी सिंचाई के लिए छोड़ा जाता है। बीएसपी को भी पानी इसी जलाशय से आता है। जिससे मरोदा टैंक भरता है।

### खरखरा जलाशय में 27.68 प्रतिशत जलभराव

खरखरा जलाशय भी बालोद जिले में हैं। वर्तमान में 25 जुलाई 2025 को 27.68 प्रतिशत ही जलभराव हो पाया है। पिछले साल 25 जुलाई 2024 को इस जलाशय का जलभराव 57.65 प्रतिशत हो गया था। इस तरह पिछले साल से 30 फीसदी जलभराव कम है। खरखरा जलाशय की भूमिका तांदुला जलाशय में पानी कम होने की स्थिति में होती है। सिंचाई व पेयजल के लिए जब तांदुला से पानी छोड़ा जाता है और यहां पानी की कमी होती है तो खरखरा जलाशय से तांदुला में पानी शिफट करते हें। बालोद जिले में सिंचाई के लिए यहां से पानी देते हैं।

### इस तरह बारिश भी हुई है कम

मौसम विभाग कैलेंडर में प्री मानसून एक जून से शुरू होती है। 52 साल बाद ऐसा हुआ कि प्री मानसून की बारिश मई के अंतिम 10 दिन पहले ही हो गई। इस अवधि में अच्छी बारिश हुई। जब जून महीने आया तो बारिश के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। 8 जून,15 जून, 16 जून, 23 जून, 28 जून और 29 जून को बारिश हुई। इस बीच सिस्टम खाड़ी में जो बना था वह वापस लौट गया जिससे 1 जून से 7 जून तक और 9 जून से 14 जून तक बारिश ही नहीं हो पाई।

### जिले में अब तक 438.7 मिमी वर्षा

मौसम विभाग के मुताबिक एक जून से अभी तक 438.7 मिलीमीटर वर्षा हुई है। पिछले साल 25 जुलाई 2024 तक 443 मिलीमीटर की औसत वर्षा हो चुकी थी। इस तरह अभी 5 मिलीमीटर औसत बारिश कम हुई है। 25 जुलाई 2025 को मौसम विभाग ने भारी बारिश की संभावना जताई थी लेकिन पूरे दिन रूक-रूक कर हल्की बारिश होती रही। तहसील दुर्ग में 1.8 मिमी और तहसील बोरी में 8.0 मिमी बारिश दर्ज की गई है। धमधा, पाटन, भिलाई 3 और अहिवारा में बारिश नहीं हुई है।

### ये द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून द्रोणिका जम्मू, चंडीगढ़, बरेली, गोरखपुर, पटना, बांकुरा, कोलकाता, अवदाब के केंद्र तक स्थित है। एक द्रोणिका हरियाणा और उसके आसपास अवदाब के केंद्र तक उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड, उत्तर उड़ीसा होते हुए 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 4.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से उत्तर छत्तीसगढ़ तक 4.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### भारी वर्षा के लिए 24 घंटे का और इंतजार

एक अवदाब तटीय पश्चिम बंगाल और उससे लगे बांग्लादेश तट के पास स्थित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तर उड़ीसा, झारखंड की ओर अगले 24 घंटे में पहुंचने की संभावना है। जिससे बारिश दुर्ग संभाग में भारी वर्षा हो सकती है।

-डॉ. एचपी चंद्रा,
मौसम विज्ञानी लालपुर छग

## रिसाली के 151.46 एकड़ जमीन हस्तांतरण का मुद्दा लोस में उठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

लोकसभा में सांसद विजय बघेल ने रिसाली निगम के जमीन हस्तांतरण का मुद्दा उठाया। वे पहले भी कई फोरम में इस बात को रख चुके हैं। इसके बाद भी हस्तांतरण की प्रक्रिया अटकी हुई है। सांसद बघेल ने सदन में पूछा कि नगर निगम रिसाली को बीएसपी से जो जमीन मिलनी है, वह अब तक क्यों नही मिल पाई है। कब-तक यह जमीन हस्तांतरित की जाएगी। इस पर सदन ने जवाब दिया कि सेल की बैठक हो गई है।



- सांसद विजय बघेल ने केंद्रीय मंत्री से चाही हस्तांतरण की जानकारी

जमीन हस्तांतरण पर चर्चा कर फैसला कर लिया गया है। जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। रिसाली निगम क्षेत्र की श्रमिक बस्ती, नेवई बस्ती, मरोदा और अन्य वार्ड बीएसपी के क्षेत्राधिकार में है। जमीन पर बस्ती बसी है। वह बीएसपी की है। उसे छत्तीसगढ़ शासन की हस्तांतरण के संबंध में पहले बीएसपी और छग शासन के बीच सहमति हुई थी, लेकिन बीएसपी ने आज-तक भूमि का हस्तांतरण छग राज्य को नहीं किया है। इस वजह से लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

शासन की योजना के तहत पट्टा का वितरण भी निगम प्रशासन नहीं कर पा रहा है। इस वजह से क्षेत्र के लोगों का काफी परेशानी हो रही है। इस्पात मंत्रालय ने लोकसभा के माध्यम से जानकारी दी कि 290.26 एकड़ भूमि वर्ष 2022 में राज्य सरकार को हस्तांतरण का उल्लेख है। 151.46 एकड़ भूमि हस्तांतरण के संबंध में सहमति लंबित है। इस मामले को लेकर सांसद बघेल राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सचिव राजस्व अविनाश चम्पावत से भी मिल चुके हैं।

## शहीद कौशल यादव भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा है : आईजी गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शहीद कौशल यादव के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि जिस तरह के जज्बे के साथ शहर के सपूत कौशल यादव ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिया, वह भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। नौजवान देश और प्रदेश के हित में अपना योगदान दें।

- कारगिल युद्ध शहीद के शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि



उन्होने कहा कि नौजवान पीढ़ी कारगिल युद्ध में शहीद भिलाई शहर के सपूत कौशल यादव के देश के प्रति दिए गए बलिदान को याद करते हुए उन्हें अपना प्रेरणास्त्रोत मानें। उन्होंने कहा कि शहीद कौशल यादव ने कर्तव्य और देश की रक्षा के लिए अपना जान कुर्बान कर दिया। इसलिए वे हमारे भी प्रेरणास्त्रोत हैं और हमेशा रहेंगे। शहादत दिवस पर हुडको कॉलोनी में उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित था।

इस अवसर पर शहीद कौशल यादव की माता समेत परिवार के अन्य सदस्यों के साथ एसएसपी विजय अग्रवाल, पुलिस के अधिकारी, सेना के वर्तमान, पूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट्स, जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद थे। भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त भारतीय सेना के जवान कौशल यादव को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सलामी दी। छत्तीसगढ़ आर्मी फाउंडेशन के हरप्रीत सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संस्थापक एवं संरक्षक पवन कुमार निषाद, पूर्व राज्यमंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर नीरज पाल, हुडको के पार्षद व एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी मौजूद थे।

## पोटिया चौक पर एसडीएम से गाली-गलौज और मारपीट, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

एसडीएम के साथ गाली गलौज कर विवाद करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

- आरोपी राजनीतिक रसूख का दिखा रहे थे धौंस

आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पद्मनाभपुर थाना प्रभारी राज कुमार लहरे ने बताया कि गुरुवार की रात एसडीएम हितेश पिस्दा अपने वाहन से सरकारी काम के लिए निकले थे। इस दौरान पोटिया चौक के पास कार सीजी 7 सीएन 9078 में सवार होकर विद्युत नगर निवासी राकेश यादव, विपिन चावड़ा, कसारीडीह निवासी मनोज यादव ने अपनी कार से उतकर जबरन एसडीएम हितेश पिस्दा के साथ मारपीट कर गाली गलौज की। दबंगई भी दिखाई। घटना को अंजाम देकर तीनों युवक मौके से फरार हो गए। घटना की शिकायत पद्मनाभपुर पुलिस थाने में करने के बाद तुरंत तीनों आरोपियों को पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि घटना को अंजाम दिया गया था।

### पोटिया चौक बना नशेड़ियों का अड्डा,आए दिन घटनाएं

पोटिया चौक पिछले कुछ समय से नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। जहां आए दिन मारपीट की घटनाएं हो रही है। संदिग्ध गतिविधियों की वजह से शाम के बाद लोगों का मार्ग से गुजरना दूभर हो गया है। नशेड़ी किस्म के व्यक्ति आए दिन लोगों से उलझते हैं। बता दें कि इस जगह पर अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानें संचालित हैं। जहां शराब प्रेमियों का जमघट लगा रहता है। रात के समय अपराधिक किस्म को तत्व भी सक्रिय रहते हैं। एसडीएम से मारपीट की घटना के बाद इस क्षेत्र में पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी है। बहरहाल पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है। बता दें कि इससे पहले भी घटना स्थल के आसपास छेड़खानी और मारपीट की घटनाएं हो चुकी है। बावजूद इसके पुलिस ने अब तक गंभीरता नहीं दिखाई है।

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा आज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 27 जुलाई 2025 रविवार को किया जाएगा। यह परीक्षा सुबह पाली में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक संपन्न होगी। कबीरधाम जिले में परीक्षा के लिए कुल 16 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 5,279 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

## पेज 11 के शेष...

### तेज बारिश से लोर...

बाढ़ की वजह से नाले से सटे सैंकड़ों एकड़ की फ़सल जहां अभी कुछ ही दिन पूर्व रोपाई कार्य हुआ था बाढ़ की वजह से फसलों का नामों निशान तक दूर-दूर तक नज़र नहीं आ रहा है। लोर नाला में शुक्रवार रात से आए बाढ़ को देखने शनिवार की सुबह सिंगारडीह बोहारडीह खंघारपाट के ग्रामीण बाढ़ से हतप्रभ होकर देखने को निकले। नाले पर आए बाढ़ से किसी प्रकार की कोई जन हानि नही हुई है। हालांकि नाले के आसपास के घरों में घर सहित जरूरी सामान का अधिक नुकसान हुआ है।

लगातार बारिश से अंचल जलमग्न हो गया है। नदी नाले उफान पर है। बता दें कि भिंभौरी तहसील क्षेत्र के ग्राम बोहरडीह, सिंगारडीह, खंगारपाठ, अकोली, कोटा, उफरा, पिरदा, गब्दा, सिलघट आदि स्थानीय गांव लोर नाला से लगे हुए। जहां पर लगातार बारिश होने खेत खलिहानों में पानी ही पानी जलमग्न हो गए है। जिससे लोर नाला उफान पर आ गए हैं। इसी के चलते निकटवर्तीय गांव बाढ़ की चपेट में आ गए है। जिससे लोगों की जनजीवन में भारी प्रभाव पड़ा है। कई किसानों के खेत डूब जाने से फसल बर्बाद होने की चिंता सता रही है। साथ ही कई लोगों के पाइप बह गए। वहीं मोटर पम्प डूब गए है, तो कई जगह के ट्रांसफार्मर डूब जाने से बिजली प्रभावित हो गई। इससे स्थानीय ग्रामीणों को प्राकृतिक आपदा से बुरा प्रभाव पड़ा है।

### परपोड़ा में कारगिल...

माध्यम से कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। व्याख्याता हेमंत यदु एवं महेंद्र साहू ने मां भारती को किस प्रकार गुलामी के जंजीर से छुड़ाया गया इसका वर्णन देशभक्ति गीत के माध्यम से किया। अंतिम में व्याख्याता दिव्या देवांगन द्वारा छात्रों के लिए कारगिल विजय दिवस के संदर्भ में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें वैष्णवी साहू 12वीं, लोकेश पटेल 11वीं एवं हेमा साहू 9वीं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### सोनपुरी हत्याकांड...

सावन मास की अमावस्या को मनाया जाता है। जो प्रायः जुलाई या अगस्त माह में आता है इस समय तक कृषकों की बियासी का कार्य पूर्ण हो चुका होता है। तो औजारों की सफाई कर व पूजा कर उनको व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार यह पर्व कृषि के महत्व को भी दर्शाता है। यह प्रकृति की पूजा का पर्व है। गाय को खिलाए जाने वाले लोंदी में प्रोटीन और अन्य पोषक तत्व होते है जो उनके लिए स्वास्थ्यप्रद होते है। और यह गायों की सेवा का भाव भी दर्शाता है। गेड़ी चढ़कर लोग पेड़ों व फलों को तोड़कर घर ले आते जो प्रकृति की पूजा और दया का प्रतीक है। यह एक पारंपरिकगतिविधि है। यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है लोग गेड़ी चढ़ने के लिए एकत्रित होते है, जो सामाजिक एकता का परिचय देता है। नीम की पत्तियां वातावरण को शुद्ध करती है। उक्त माह में सूर्य का प्रकाश कम होने और वर्षा अधिक होने से बीमारियों का प्रकोप बढ़ता है, जिससे नीम की पत्तियां सुरक्षा प्रदाय करती है 1 वीणा रावटे ने बताया कि प्रत्येक त्यौहार का हमारे जीवन में विशेष महत्व है हमें इसे उल्लास के साथ मनाना चाहिए। बच्चों और पूरे शाला परिवार में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उक्त आयोजन में प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल, वीणा रावटे, बसंती अग्रवाल, आशा अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, भीमा, खेमा, पुष्पा, महेशीया, सुनीता, रमौतीन, सुंदर ठाकुर, मुजीत खान उपस्थित थे।

**एमएसएमई जिला उद्योग संघ की बैठक में विषय पर हुई चर्चा**

## सीपीडी ने वेंडरों को बैंक गारंटी बढ़ाए जाने संबंधी पत्र भेजा, एमएसएमई ने जताई आपत्ति

**सदस्यों ने कहा पूर्व कॉन्ट्रैक्ट के साथ छेड़छाड़ ना की जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

एमएसएमई जिला उद्योग संघ ने उस पत्र पर आपत्ति जताई है, जिसमें बैंक गारंटी बढ़ाने की बात कही गई है। संघ के सदस्यों का कहना है एक बार कान्ट्रैक्ट हो चुका है, उसके साथ सीपीडी छेड़छाड़ ना करे। स्थिति यह है कि पूर्व में जो बैंक गारंटी दिए हैं, उन्हें ही भरपूर काम नहीं मिल रहा है।

संघ की एमएसएमई कार्यालय, कन्हैया स्टील इंडस्ट्री में हुई आपात बैठक में बैंक गारंटी की विसंगतियों के साथ बीएसपी के नए डीआईसी चितरंजन महापात्रा का स्वागत करने की बात हुई। साथ ही सीपीडी द्वारा हाल ही में भेजे गए एक पत्र जिसमें बैंक गारंटी बढ़ाने की बात कही गई है उस पर एमएसएमई ने अपनी आपत्ति दर्ज की। बताया कि पत्र में बैंक गारंटी बढ़ाने की बात कही गई है ताकि वेंडर को ज्यादा से ज्यादा काम मिल सके। लेकिन एमएसएमई ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। संघ के सदस्यों का कहना था कि कुछ लोग चाहेंगे कि बैंक गारंटी बढ़े ताकि कुछ लोगों को कुछ ज्यादा काम मिले, वहीं कुछ लोगों को काम कम मिले। पूर्व में बैंक गारंटी देने वालों को ही भरपूर काम नहीं मिल पा रहा।



### प्रबंधन से मिलने अध्यक्ष का आश्वासन

बैठक में सदस्यों ने आक्रोश जताया कि कुछ मेंबर को ज्यादा पीओ वैल्यू का काम दिया जाता है तथा कुछ को कम वैल्यू का।केटेगरी वाइज भी ऐसे ही किया जाता है। सदस्यों की बातें सुनने के बाद संघ के अध्यक्ष केके झा ने कहा कि पत्र के माध्यम से बीएसपी प्रबंधन के सामने अपनी बात रखेंगे। अधिकारियों के साथ बात भी की जाएगी ताकि सबको काम में समानता मिले और सबको काम मिलता रहे। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को कहीं भी किसी स्तर पर तकलीफ ना हो इस पर हम काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि काम बढ़ाने की बात को लेकर जल्द ही राज्य शासन से भी मिला जाएगा। प्रदेश की नई उद्योग नीति का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अरविंदर सिंह खुराना, सुशील बंसल,व्यास प्रसाद शुक्ला , रामकुमार बंसल, देशराज यादव, अनिल शुक्ला, केके सिंग, संघ के सचिव मयूर कुकरेजा आदि वेंडर उपस्थित थे।

# ड्रेन वाटर व स्लज मैनेजमेंट सिस्टम किया बेहतर, पाउवारा मॉडल गांव के लिए चयनित

खास एक्सक्लूसिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले के पाउवारा गांव को मॉडल गांव के लिए चयनित किया गया है। भिलाई से 15 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव की आबादी 4 हजार की है।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इस गांव को ग्रामवासियों की सोच के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। ड्रैन वाटर मैनेजमेंट, स्लज मैनेजमेंट, कम्युनिटी टायलेट और सॉलिड व लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट की वजह से यह गांव जिले का मॉडल गांव बन रहा है।

## इस तरह मैनेजमेंट किया है ग्रामीणों ने गांव को

### 1. निकासी पानी कर रहे साफ सोख्ता गड्ढा किया तैयार

पाउवारा के हर घर के हैंडपंपों के आसपास सोखता गड्ढा का निर्माण किया गया है। जिससे वाटर लेबल हैंडपंपों का बना रहे। इसी तरह सार्वनजिक नलों से पानी बाहर आता है। हर घर से पानी का इस्तेमाल के बाद गलियों में गंदा पानी बहकर तालाब में जाता था। गंदे पानी को तालाब में जाने से रोकने के लिए तीन लेयर का ऐसा सिस्टम बनाया है कि यह पानी साफ होकर अब तालाब में जा रहा है।

### 2. घुरवा बन गया आकर्षक गार्डन

इस गांव के बाहर कचरा डंप करते थे। एक बड़ा सा घुरवा यह था। बारिश का पानी भी यहां जमा हो जाता था। जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा मंडराता। ग्रामीणों ने जनसहयोग से इस जगह को आकर्षक गार्डन के रूप में तब्दील कर दिया है। गार्डन की देखभाल भी खुद ग्रामीण करते हैं।

### 3. स्लज मैनेज कर रहे हैं ग्रामवासी

गांव में सामुदायिक शौचालय है। हर घर में टॉयलेट की भी सुविधा हो गई है। सेप्टी टैंक को खाली करवाने के लिए फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट से रजिस्ट्रेशन करवाया गया है। कोलिहापुरी, उतई और पतोरा तीन जगह से इस कार्य के लिए जोड़ा गया है। स्लज से प्लांट में गार्डन के लिए खाद का निर्माण भी शुरू हो गया है।

## कचरे से अटी जगह को बनाया उद्यान



यह जगह कचरे से पटा रहता था आज गार्डन के रूप में है विकसित



निकासी गंदे पानी को इस सिस्टम से उपयोग लायक बनाकर तालाब में भरते हैं

## पंचायत ने तैयार की आगे की कार्ययोजना, सफाई करेंगे बेहतर

### यूजर्स चार्जेस से मिलने वाली राशि से करेंगे मेंटनेंस

ग्राम पंचायत मेंटनेंस कार्य के लिए खुद ही आत्मनिर्भरता की ओर है। इसके लिए हर घर से यूजर्स चार्ज लिया जाना है। प्रति घर 10 से 20 रुपए तक यूजर्स चार्जेस लेंगे। पर्यावरण को मद्देनजर रखते हुए वृक्षारोपण सहित ग्राम विकास में और क्या-क्या कार्य होने है इसके लिए ग्राम पंचायत ने गांव के लोगों से सुझाव भी मांगे हैं।

### प्लास्टिक से बनाएंगे पेन स्टैंड छोटे गमले, साबुनदानी

गांव से निकलने वाले प्लास्टिक से पेन स्टैंड, छोटे रैपर वाले गमले, रस्सी, साबुनदानी जैसी उपयोगी सामान बनाने की योजना है। गांव का प्लास्टिक को एकत्र कर कोलिहापुरी प्लास्टिक सेंटर ले जाया जाएगा। यहां मशीन के माध्यम से पत्थर के टुकड़े के आकार का प्लास्टिक का रूप देंगे। इस प्लास्टिक के टुकड़े को गलाकर ये चीजें बनाई जा सकेगी।

### मॉडल बनाने मांगे हैं सुझाव

हमारे गांव को मॉडल बनाने के लिए तीन महीने पहले से ही तैयारी कर रहे थे। अब चयन भी हो गया है। वर्तमान में जो कार्य किए गए हैं वही आधार बना है। अब और विकसित कैसे करें इसके लिए ग्राम बैठक में सुझाव लेंगे और उस आधार पर आगे की कार्ययोजना को अंजाम देंगे।

**-मीना यादव,** सरपंच पाउवारा ग्राम पंचायत

### स्टेट कमेटी ने किया चयन

पाउवारा गांव को मॉडल गांव के रूप मे चयन स्टेट कमेटी ने किया है। यहां हुए कार्यों का ब्योरा और ग्रामीणों के सहयोग को देखते हुए आधार बना। जो भी आगे प्लानिंग आएगी उस हिसाब से और बेहतर करेंगे।

**-बजरंग दुबे,** सीईओ जिला पंचायत

## खबर संक्षेप



### जोन अध्यक्ष के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री का सम्मान

भिलाई। वार्ड 34 के पार्षद और जोन 3 के अध्यक्ष जालंधर सिंह के नेतृत्व में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का स्वागत किया गया। इसके बाद नगर आगमन पर उनका सम्मान किया गया। वार्ड नंबर 33 संतोषी पारा कैंप 2 में फूल माला के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष भोजराम सिन्हा, पार्षद संतोष मौर्य, शैलजा राजू, पार्षद लक्ष्मी दिवाकर, पार्षद प्रियंका भोला साहू, पार्षद नोहर वर्मा, गिरजा बछोड़, पार्षद शकुंतला साहू, पार्षद ईश्वरी नेता, कैंप मंडल उपाध्यक्ष ममता भारद्वाज, रुक्मणि सहित अन्य मौजूद थे।

### मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग, 5 हजार जुर्माना



**भिलाई।** नेहरू नगर चौक ट्रैफिक पुलिस ने जांच के बाद तेज आवाज वाले मॉडिफाई साइलेंसर को जब्त किया। वाहन चालक पर 5 हजार रुपए का चालान किया। पुलिस ने बताया कि किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम में जानकारी दी कि वाइशेप ब्रिज से एक बुलेट गुजर रही है, जो काफी आवाज कर रही है। इसक बाद आरोपी वाहन चालक को नेहरूनगर में रोका गया। साइलेंसर को निकाला गया। वाहन सीजी 07सीवी 1057 पर कारवाई की गई।

## सेफी ने उच्च ग्रेड के मकानों का थर्ड पार्टी आवंटन निरस्त करवाने पीएम को लिखा पत्र

# सरकारी अफसर रिटायर और तबादले के बाद भी बीएसपी के आवासों में काबिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**संयंत्र के अधिकारियों को नहीं मिल रहे मकान, आवास भत्ता से भी वंचित**



सेल अधिकारियों के संगठन सेफी ने अब राज्य शासन के रिटायर और स्थानांतरित अधिकारियों के बीएसपी टाउनशिप के काबिज बड़े आवासों को खाली करवाने के लिए उच्च स्तरीय दबाव बढ़ाना तेज कर दिया है। कब्जे के कारण बीएसपी अधिकारियों को मकान नहीं मिल पाने का हवाला देते हुए सेल के बीएसपी में उच्च ग्रेड आवासों का थर्ड पार्टी आवंटन निरस्त करने की मांग सीधे प्रधानमंत्री से की है।

सेफी ने पीएम को लिखे पत्र में कहा है कि बीएसपी के बहुत से बड़े मकानों में छत्तीसगढ़ शासन के उच्च अधिकारी काबिज हैं। इनमें ऐसे सरकार के अधिकारी शामिल हैं, जो वर्तमान में दुर्ग जिले में पदस्थ नहीं है, उनका अन्यत्र स्थानांतरण हो चुका है। वे सेवानिवृत्त होने के बाद भी बीएसपी के बड़े मकानों पर अपना कब्जा जमाए बैठे हैं। इन अधिकारियों के प्रभाव के चलते सेल व बीएसपी प्रबंधन बेबस हो चुका है। बीएसपी आवासों में कब्जों से सेल अधिकारियों को अपने ग्रेड के अनुरूप बेहतर आवास प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं। इन कब्जों को जल्द खाली करवाने के लिए उच्च स्तरीय प्रयास की आवश्यकता है।

उच्च ग्रेड के मकानों को यदि खाली कराना संभव नहीं है तो कार्मिकों को बेहतर मकान के लिए मकान किराया भत्ता प्रदान किया जाए। सेल की एकरूप एचआरए पॉलिसी न होने के कारण कार्मिकों में एचआरए विसंगतियों से असंतोष व्याप्त है। भिलाई, बोकारो, दुर्गापुर आदि इस्पात संयंत्रों में कंपनी के कई बड़े मकानों को थर्ड पार्टी को आबंटित किया गया है। इन समस्याओं के चलते कार्मिकों को पात्र मकान उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं एवं कई कार्मिक टाउनशिप से बाहर रहने पर मजबूर हैं।

### बीएसपी अधिकारियों को दें बेहतर आवास भत्ता

ओए-बीएसपी ने सितंबर में इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी से उनके भिलाई प्रवास के समय इस विषय पर चर्चा की थी। चर्चा में सेल चेयरमेन व डायरेक्टर इंचार्ज, बीएसपी भी उपस्थित थे। इस्पात सचिव से भी समाधान करने का आग्रह किया था। पूर्व में पीएम को भी भेजे पत्र में बीएसपी व अन्य संयंत्रों के उच्च ग्रेड के मकानों को थर्ड पार्टी आबंटन निरस्त करवाने के लिए हस्तक्षेप करने और कार्मिकों को पात्रता अनुसार उच्च ग्रेड के मकान उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में उन्हें मकान किराया भत्ता चालू करवाने के लिए हस्तक्षेप करने के लिए अनुरोध किया था। इस्पात मंत्रालय द्वारा सेफी को सूचित किया गया कि इस शिकायत को सुझाव के रूप में स्वीकार किया गया है। मंत्रालय के संयुक्त सचिव दया निधान पाण्डेय ने यह पत्र सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर को भेजा है।

### जन प्रतिनिधियों का भी कब्जा

सेफी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने बताया कि बीएसपी टाउनशिप के सेक्टर-5, 9, 10 व 32 बंगला में अत्यधिक संख्या में बड़े मकानों में शासकीय अधिकारियों और पूर्व जनप्रतिनिधियों का कब्जा है। अनेक नेताओं और अधिकारियों ने मकानों का विस्तार कुछ इस प्रकार से किया है कि वे जीवन पर्यंत उस पर काबिज रहेंगे और बाद में उनका परिवार। सेफी ने मांग की कि राज्य शासन व केंद्र सरकार इस पर रोक लगाए। ताकि समस्या का निराकरण हो सके।

# लॉटरी निकालकर 15 हितग्राहियों को दिया पीएम आवास सर्टिफिकेट

## पाए गए कुल 15 हितग्राही पात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ 11 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र जारी

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत माँ कर्मा, गणपती विहार, गोकुल नगर पुलगांव, सरस्वती नगर व पोटिया कला में निर्मित फ्लैट आवास के लिए कुल 15 हितग्राही पात्र पाए गए। पात्र हितग्राहियों के आवास आबंटन के लिए डाटा सेंटर में खुली लाटरी पद्धति से आवासों का आबंटन किया गया।

इस दौरान मेयर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य शेखऱ चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर के साथ कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम व हितग्राहियों की उपस्थिति में एक-एक कर सभी 15 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन पत्र प्रदान किया गया। लॉटरी के दौरान महापौर श्रीमती बाघमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के तहत 11 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र जारी किया गया। प्रमाण पत्र जारी करने के पश्चात सभी हितग्राहियो को हिदायत दी गई कि वे जल्द से जल्द निर्धारित अवधि में अपना मकान बना लें ताकि 32850 का अतिरिक्त लाभ उन्हें मिल सके।

महापौर ने सभी हितग्राहियों को नए आवास में प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, आवास प्रेरक सचिन ताम्रकार, प्रितेश वर्मा, क्लर्क रामदास साहू व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### जेएलएन उत्कर्ष योजना : प्रवेश परीक्षा परिणाम के जारी

**दुर्ग।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय मालवीय नगर चौक में आयोजित किया गया था, जिसका परीक्षा परिणाम जारी किया जा चुका है। परीक्षा परिणाम कार्यालयीन समय में अवलोकन किया जा सकता है।

# पारंपरिक औजारों की पूजा की और स्पर्धाओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



हरेली पर्व हमारी धरती , परिश्रम और किसान जीवन का उत्सव है विधायक ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आदर्श ग्राम कोड़िया एवं आलबरस में ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में हरेली महोत्सव धूम धाम से मनाया गया । मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर खेती-किसानी से जुड़े पारंपरिक कृषि औजारों की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में उत्तम फसल, हरियाली एवं समृद्धि की मंगलकामना की। इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करने एवं एक सोखता पुत्र के नाम संकल्प लेने की अपील की गई व पौधरोपण किया गया। साथ ही पारंपरिक खेल प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का नगद राशि व प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

# आईडीबीआई बैंक ने जिला पंचायत को काऊ कैचर वाहन प्रदान किया

**दुर्ग।** आईडीबीआई बैंक द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी सीएसआर मद के अंतर्गत जिला पंचायत दुर्ग को काऊ कैचर वाहन प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आईडीबीआई बैंक और जिला पंचायत दुर्ग की इस संयुक्त पहल की सराहना की। यह पहल स्वच्छता, पशु कल्याण और नगर प्रबंधन के क्षेत्र में सराहनीय कदम माना जा रहा है। जिपं. सीईओ<None> बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि यह काऊ कैचर गाड़ी विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और हाईवे के किनारे सक्रिय रूप से कार्य करेगी, जिससे सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाया जा सके। इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख सरबजीत सिंह भिलाई और शाखा प्रमुख एवं डिप्टी जनरल मैनेजर अनुप विश्वकर्मा भिलाई शाखा भी उपस्थित रहे।




# लालपुर के छात्रों ने वीर जवानों के लिए भेजे रक्षा सूत्र

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर विकासखंड नवागढ़ के बच्चों ने इस वर्ष देश के तीनों सेना थल, जल, वायु, सेनाओं हेतु सीमा रक्षकों को पूरे भारतवर्ष के मिट्टी से तिलक लगाने के लिए लालपुर स्कूल के बच्चों द्वारा मिट्टी एकत्रित कर भेजा गया। बच्चों द्वारा रक्षा सूत्र भेजते हुए बधाई संदेश भी दिए। इसमें देश के सैनिक के अटूट निष्ठा और समर्पण बहादुरी और निःस्वार्थ सेवा के लिए देश के असली हीरो सैनिक है। सैनिक हमारे देश के रक्षक है, और हम आपके ऋणी है आपकी सुरक्षा और सफलता के लिए हम प्रार्थना करते हैं। शिक्षक शान्त कुमार पटेल ने रक्षा सूत्र के बारे में बताते हुए कहा कि भाई बहन के प्रेम और सुरक्षा के प्रतीक यह रक्षा सूत्र सीमा पर तैनात हमारे वीर जवान सैनिक के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान है। यह रक्षा सूत्र सैनिको को यह याद दिलाता है कि वह देश की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और पूरा देश उनके साथ खड़े हुए हैं। इस अवसर पर शिक्षक घनश्याम प्रसाद साहू, मोतीराम पात्रे, शान्त कुमार पटेल व छात्रगण उपस्थित रहे।




## राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के साथ ही दक्षता बढ़ाने पर दिया गया जोर

# बदलते परिवेश में तकनीकों पर बढ़ी है निर्भरता : कुलकर्णी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ कार्यालय स्थापना एवं अभिलेख संधारण पर कार्यशाला

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के आईक्यूएसी द्वारा तृतीय वर्ग कर्मचारियों एवं लैब तकनीशियन के लिए कार्यालय स्थापना एवं अभिलेख संधारण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य वक्ता डॉ. तपेश चंद्र गुप्ता, अपर संचालक, उच्चशिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं प्राचार्य, शास.जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर के स्वागत से किया गया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के साथ ही हमें अपनी दक्षता और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है, जिससे हम जिम्मेदारियों को सुचारू रूप से पूर्ण कर सकें। कार्यशाला की समन्वयक डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी ने सम्पूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा एवं इसके उद्देश्यों को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि समय के साथ बदलते परिवेश में तकनीकों पर बढ़ती निर्भरता एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिए अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ ही प्रयोगशाला एवं कार्यालय दोनों का सामजंस्य आवश्यक है। इसलिए समय-समय पर इस तरह की कार्यशाला आवश्यक रूप से की जानी चाहिए।

### कठिनाइयों को हल करने की बताई विधि

पश्चात तकनीकी सत्र में कार्यक्रम के विशेषज्ञ वक्ता डॉ. तपेशचंद्र गुप्ता ने प्रतिभागियों को सेवा पुस्तिका के संधारण, पर्सनल फाइल के अपडेशन, भंडार क्रय नियम, स्टॉक रजिस्ट्रार का संधारण, पेंशन स्कीम, ई-डॉक्यूमेंटेशन, डेटा का क्लासिफिकेशन, स्पोर्ट्स पर्चेस एवं नियमावली किताब पर विस्तृत जानकारी दी तथा इन सभी मामलों से जुड़े कठिनाईयों को हल करने की विधि को समझाया। उन्होंने व्याख्यान के पश्चात प्रतिभागियों द्वारा ऑफिस एवं लैब संचालन में आने वाली समस्याओं से संबंधित सभी की जिज्ञासाओं का सटीक उत्तर दिया।



### कार्यशाला में ये रहे मौजूद

कार्यशाला में महाविद्यालय के आफिस स्टॉफ एवं प्रयोगशाला तकनीशियन के साथ ही प्राध्यापक डॉ. एस.एन. झा, डॉ. सुनीता मैथ्यू, डॉ. तरलोचन कौर, डॉ. सीतेश्वरी चन्द्राकर, डॉ. संजू सिन्हा, डॉ. अभिषेक मिश्रा, डॉ. कुसुमांजलि देशमुख एवं डॉ. लतिका ताम्रकार एवं संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रिचा ठाकुर उपस्थित रहें। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुनीता बी मैथ्यू ने व कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजू सिन्हा ने किया।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण




रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम - टेडेसरा
जिला- राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

## खबर संक्षेप



### नगर पंचायत में मनाया गया हरेली तिहार

**बेरला।** नगर पंचायत में कर्मचारियों के साथ मिल कर सभापति शिवझड़ी सिन्हा ने पूजा अर्चना कर हरेली तिहार मनाया। सिन्हा ने कहा कि हमर अन्नदाता किसान भाई मन के फसल के पहला तिहार के साथ धन के उपज आगे बढ़ते हैं, आप जम्मो मोर भाई, बहिनी मन ला बहुत बहुत बधाई सभी देव तुल्य और नगर को हर सम्भव स्वच्छ सुन्दर बनाने में हर पल तत्पर रहने वाले बड़े भैया लोग के साथ आज नगर परिसर में हरेली तिहार मनाया गया। साथ ही सभी को पुनः गाड़ा, गाड़ा बधाई शुभकामनाए। इस हरेली में हमारे साथ-साथ पूर्वजो की पारंपरिक यादों के साथ कला, छत्तीसगढी व्यंजन और आशीर्वाद मिलता है। इस त्यौहार में किसानों के चेहरे में खुशी की लहर देखने को मिलता है। इस श्रावण मास में पूरा क्षेत्र हरियाली व प्रकृति की सुंदर रूप देखने को मिलता है। इसी तरह हर पल आप सब के जीवन में हरियाली बनी रहे।

### प्लांट का विरोध, 22 गांवों के ग्रामीणों ने की बैठक

**बेमेतरा/बेरला।** ब्लाक के ग्राम कोहड़िया में प्रस्तावित प्लांट के विरोध में शुक्रवार 22 गांव समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में आसपास के 35 गांवों के सरपंचों और सैकड़ों ग्रामीणों ने एकजुट होकर फैक्ट्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। बैठक में लोगों ने 28 जुलाई को होने वाली जनसुनवाई का बहिष्कार नहीं, बल्कि सशक्त विरोध करने की रणनीति तय की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्लांट न केवल खेती को बर्बाद करेगा, बल्कि क्षेत्र की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी को भी दूषित कर देगा। इससे न केवल फसलें प्रभावित होंगी, बल्कि लोगों का स्वास्थ्य भी खतरे में पड़ जाएगा। बैठक की अध्यक्षता 22 गांव समिति के अध्यक्ष भूलूराम वर्मा ने की। उपाध्यक्ष किशोर दूबे, सचिव रमेश पाटिल, मेहत्तर राम साहू समेत समिति सदस्य और कई सरपंचों ने भाग लिया। कोहड़िया सरपंच रोहित शिवारे, गाड़ामोर, गुधेली, भालेसर, नेवनारा, खमतराई, तिलई, चंडी, साकरा सहित दर्जनों गांवों के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाई। जनपद सदस्य मानसिंह वर्मा, डॉ. शिरीष शर्मा, अजीताभ मिश्रा, सिद्दिक खान, नरेश साहू, घना राम निषाद, भगत परगनीहा जैसे कई जागरूक ग्रामीणों ने भी विरोध को नेतृत्व दिया।

### श्रीराम मंदिर में शिव महापुराण कथा का आयोजन आज से

**नवागढ़।** नगर पंचायत के श्रीराम कृष्ण मंदिर प्रांगण में आगामी 27 जुलाई से 4 अगस्त तक नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा और उनके लीलाओं से अवगत कराने के लिए यह दिव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में कथावाचक संत गणेश्वर शास्त्री शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से कथा प्रारंभ होगी, जिसका शुभारंभ आज भव्य कलश यात्रा के साथ होगा एवं समापन 4 अगस्त को होगा। कार्यक्रम के संयोजक मंदिर के महंत सुरेंद्र दास वैष्णव है।नगरवासियों की सहभागिता से जल, भंडारा, पंडाल एवं बैठने की उत्तम व्यवस्था की गई है। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक चेतना, सद्भाव एवं समरसता का विस्तार होता है। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य आयोजन का लाभ लें।

### गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** लाखों रुपए का गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मेरठ यूपी निवासी मो. कैफ अब्बासी, जिला बागपथ यूपी उस्मान कुरैशी को पकड़ा गया। छावनी पुलिस ने आरोपियों के पास से एक खाखी रंग के 4 पैकेट में सेलोटेप से लपेट कर बीज युक्त हरीपत्ती दानेदार मादक पदार्थ जैसा गांजा जब्त किया।

---

### शिविर : स्काउट गाइड का तिलईकुड़ा में राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर संपन्न

# समाज की उन्नति में स्काउट्स गाइड्स की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ जिला संघ बेमेतरा के जिला मुख्य आयुक्त प्रणीश रजक एवं जिला कमिश्नर व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे के निर्देशानुसार जिला प्रशिक्षण आयुक्त महेश कुमार साहू, जिला सचिव अमित कुमार क्षत्रिय के मार्गदर्शन में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलाईकुड़ा, विकासखंड बेमेतरा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 46 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स को राज्य पुरस्कार जांच शिविर के लिए संपूर्ण पाठ्यक्रम का गहन अध्यापन कर सैध्दांतिक व प्रायोगिक अभ्यास कराया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए बेमेतरा जिले के हाईस्कूल, हायर सेकंडरी विद्यालयों से राज्य मुख्यालय द्वारा चयनित 46 स्काउट्स गाइड्स, रोवर रेंजर्स को प्रवेश पाठ्यक्रम से राज्य पुरस्कार पाठ्यक्रम में शामिल विषय वस्तु की पुनरावृत्ति कराया गया तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों के लागबुक का परीक्षण किया गया। प्रथम दिवस शिविर का ध्वजारोहण कर औपचारिक उद्घाटन हुआ। पश्चात प्रवेश पाठ्यक्रम में सेवा कार्य, प्रथम सोपान की गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। एवं दक्षता पदकों के लिए लागबुक का परीक्षण किया गया। द्वितीय दिवस द्वितीय तृतीय सोपान के पाठ्यक्रम राज्य पुरस्कार के लिए पाठ्यक्रम में शामिल स्काउट गाइड नियम, प्रतिज्ञा प्रार्थना झंडा गीत, सहित सेवा कार्य, गांठ, सांठ, फांस की प्रायोगिक कार्य कराया गया। और दैनिक जीवन में इनकी उपयोगिता की जानकारी दी गई। अनुमान लगाना, सीटी, हाथ के संकेत, प्राथमिक चिकित्सा, हाइक की जानकारी दी गई है। शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में स्काउट विंग में पूर्व जिला सचिव सत्यनारायण साहू, वरिष्ठ स्काउटर हिरऊ राम ध्रुव, रेवाराम साहू, उद्धव साहू, अनुजराम साहू, डॉ. धर्मेंद्र वर्मा तथा गाइड विंग में संयुक्त सचिव उर्मिला दिवाकर, भगवंतीन देवांगन, पूनम सलूजा, लक्ष्मिणी साहू ने अपनी सक्रिय सहभागिता दिया।



### स्कूल की बदहाली पर सख्त हुईं जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर को भेजा पत्र

**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, बेरला की दुर्दशा पर अब जिला पंचायत बेमेतरा की अध्यक्ष कल्पना तिवारी ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को किए गए आकस्मिक निरीक्षण में उन्होंने शिक्षकों की भारी कमी, कक्षा-कक्षों का अभाव, किचन शेड व भोजन कक्ष की अनुपलब्धता, साइकिल स्टैंड और वेतन फंड की समस्या को गंभीरता से लिया। निरीक्षण के बाद श्रीमती तिवारी ने कलेक्टर को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। जल्द ही शिक्षा, स्वास्थ्य और पंचायत विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाकर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।जिपं अध्यक्ष इन दिनों जिले की पंचायतों का दौरा कर रही हैं और शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व बिजली आपूर्ति जैसे मुद्दों पर जनता से सीधा संवाद कर प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित करने में जुटी हैं। स्थानीय लोगों और शिक्षकों में उम्मीद जगी है कि अब स्कूल की तस्वीर बदलेगी।



### विधि शाला नायक और दीपिका उप-शाला नायक बनीं

**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक रामेश्वर बंजारे द्वारा बाल संसद के चयनित छात्राओं को शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व के मूल्यों का पालन करने की प्रतिज्ञा ली। बैग लेस डे के अवसर पर चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें विधि पांडे को शाला नायिका तथा दीपिका यादव को उप-शाला नायिका के रूप में चयनित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के शिक्षकों द्वारा मनोनीत कर विभिन्न विभागों जैसे संस्कृति मंत्री पल्लवी घृतलहरे और ट्विंकल सेन ,खेल मंत्री कुंती ध्रुव, हेमा साहू, स्वास्थ्य मंत्री पिंकी वर्मा ,पूर्वा साहू, विज्ञान क्लब मंत्री योगिता मांडवी अर्पिता बंजारे, भोजन मंत्री कुमकुम यादव गरिमा मंडावी अनुशासन मंत्री याचना वर्मा यामिनी ध्रुव आदि के लिए बाल मंत्रियों का चयन किया गया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, नेतृत्व कौशल और जिम्मेदारी का अनुभव कराया। शिक्षिका रेणुका अग्रवाल द्वारा बच्चों को बाल संसद के कार्य एवं उद्देश्यों से अवगत कराया गया। शिक्षिका द्वारा बताया गया कि बाल संसद के गठन से लोकतांत्रिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस अवसर पर प्रधान पाठक श्री रामेश्वर बंजारे के साथ-साथ विद्यालय की शिक्षिकाएं अलका वासनिक, सुनीता बंजारे, देवकी साहू, लक्ष्मी पांडे, रेणुका अग्रवाल, रोहिणी साहू, लक्ष्मी साहू, शिक्षक संतोष यादव एवं चेतन कुमार देवांगन आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

---

# ई-रिक्शा पलटा, बाल-बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवागढ़



नगर में बावली पारा से सुकुल पारा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बेहद जर्जर हालत में है। तेज बारिश में सड़कें नहीं, बल्कि गड्ढों से भरे नाले नजर आते हैं। गुरुवार को इसी मार्ग पर सुकुल पारा चौक के पास एक ई-रिक्शा पलट गया। सड़क में भरे पानी से गड्ढा नहीं दिखा और रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में चालक को मामूली चोट आई, वहीं सवारी को स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला।

**महत्वपूर्ण संस्थानों को जोड़ता है यह मार्ग-** यह मार्ग सिर्फ मोहल्लों को नहीं, बल्कि कई अहम संस्थानों को भी जोड़ता है। स्वामी आत्मानंद स्कूल, आईटीआई कॉलेज, धान खरीदी केंद्र, तथा अधिकारी-कर्मचारी आवास इसी रास्ते पर स्थित हैं। छात्र, कर्मचारी, किसान और आमजन इस मार्ग से रोज गुजरते हैं, लेकिन सड़क की हालत ऐसी है कि पैदल चलना भी जोखिमभरा हो गया है।

**बच्चों और बुजुर्गों को हो रही भारी परेशानी-** स्कूल जाने वाले बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। अभिभावकों की चिंता दिन-ब-दिन बढ़ रही है। बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह रास्ता और भी खतरनाक बन गया है। स्थानीय निवासी मिथलेश सोनकर ने कहा कि इस सड़क से अफसरों के घर और सरकारी दफ्तर जुड़े हैं, फिर भी मरम्मत नहीं हुई। क्या किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है?/" वहीं वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सुधार कार्य नहीं शुरू हुआ, तो आंदोलन किया जाएगा।

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल की डिबेट टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, बेमेतरा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि जब मंच पर आत्मविश्वास, ज्ञान और तर्क मिलते हैं, तब सफलता दूर नहीं रहती। हाल ही में रूंगटा पब्लिक स्कूल, भिलाई में आयोजित इंटर स्कूल इंग्लिश डिबेट प्रतियोगिता में विद्यालय की डिबेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और सबका दिल जीत लिया।

प्रतियोगिता का प्रस्ताव था भारतीय स्टार्टअप्स में नवाचार और बाज़ार वृद्धि की संभावनाओं की कमी है"। इस चुनौतीपूर्ण विषय पर, विद्यालय के दो मेधावी विद्यार्थियों दक्ष भूतड़ा बारहवीं (कॉमर्स) और संस्कृति दीक्षित बारहवीं (हुमनिटीस) ने क्रमशः पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। दोनों ने अत्यंत जोशीले, तर्कपूर्ण और तथ्य-आधारित वक्तव्यों के माध्यम से निर्णायकों और श्रोताओं को प्रभावित किया।

दक्ष भूतड़ा ने प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हासिल कर अपनी तार्किक प्रतिभा को सिद्ध किया, जबकि संस्कृति दीक्षित ने विषय का सशक्त विरोध करते हुए बहस को संतुलन प्रदान किया। विद्यालय को ओवरऑल विजेता घोषित किया गया, जो एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल की डिबेट



परंपरा का जीवंत प्रमाण है। विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने इस उपलब्धि पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, यह जीत केवल एक प्रतियोगिता की विजय नहीं, बल्कि हमारी शिक्षण प्रक्रिया की गहराई, विद्यार्थियों की निष्ठा और उनकी जिज्ञासु प्रवृत्ति की जीत है। हमारे विद्यार्थी जब मंच पर अपने विचार रखते हैं, तो उनमें आत्मविश्वास, भाषा की पकड़, तर्क की धार और समकालीन समझ दिखाई देती है। यह उपलब्धि यह दर्शाती है कि हम केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि विचारशील नेतृत्व और सशक्त अभिव्यक्ति को भी समान रूप से महत्व देते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि, हमारा विद्यालय ऐसा वातावरण प्रदान करता है जहां प्रत्येक विद्यार्थी को सोचने, प्रश्न करने और संवाद करने की पूर्ण स्वतंत्रता मिलती है। डिबेट, मॉक पार्लियामेंट, पब्लिक स्पीकिंग जैसे आयोजनों के माध्यम से हम विद्यार्थियों को एक व्यापक मंच प्रदान करते हैं, जहां वे अपने विचारों को स्पष्टता के साथ प्रस्तुत करना सीखते हैं। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गौरव की बात है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को तर्क, अभिव्यक्ति और नेतृत्व के गुणों से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम भी है। विद्यालय प्राचार्य श्री गिरीश कुमार ने कहा कि यह सफलता बहस को एक सशक्त अभिव्यक्ति के साधन के रूप में अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दक्ष और संस्कृति ने जिस स्पष्टता और तार्किकता से विषय पर पक्ष-विपक्ष रखा, वह विद्यार्थियों की गहन सोच और प्रस्तुति कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण है। एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में डिबेट केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक विचारशील परंपरा है। यहाँ विद्यार्थियों को मॉक पार्लियामेंट, पब्लिक स्पीकिंग सेशन्स, और तर्क आधारित संवाद के जरिए ऐसा मंच मिलता है, जहां वे आलोचनात्मक चिंतन और संवाद क्षमता विकसित करते हैं।

# एबीवीपी ने आयोजित की निबंध भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता

**बेरला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेरला में निबंध, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, अभिव्यक्ति की क्षमता एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभाविप बेरला के नगर अध्यक्ष अंकुश साहू, नगर उपाध्यक्ष किशन साहू, नगर मंत्री गुलाब चंद साहू, नगर सह मंत्री मुकेश भोई, एसएफडी प्रमुख राहुल नेताम एवं नित्यानंद सिंहा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यालय के गणमान्य शिक्षकगण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं उन्होंने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता में



विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न सामाजिक व राष्ट्रीय विषयों पर अपने विचारों और रचनाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एबीवीपी बेरला द्वारा यह पहल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण पत्र वितरण की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई।

### न्याय सम्मेलन करना कांग्रेस की महज नौटंकी

**बेमेतरा।** कांग्रेस के ओबीसी भागीदार न्याय सम्मेलन में राहुल गांधी के संघ और भाजपा पर ओबीसी विरोधी होना बताया जाने पर पलटवार करते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा ने जारी बयान कहा कि, ओबीसी समाज के साथ अन्याय करने के बाद न्याय सम्मेलन करना कांग्रेस की महज नौटंकी है। देश की आजादी के बाद सर्वाधिक समय तक सत्ता में रहे कांग्रेस पार्टी को अब याद आ रही ओबीसी जनगणना जब बिहार जैसे बड़े राज्यों में चुनाव होने हैं। सिन्हा ने कहा कि,कांग्रेस और उनके नेता ने ओबीसी समाज को केवल वोट बैंक समझा, देश के सर्वोच्च सदन में जब जब ओबीसी हित की बात आयी, कांग्रेस और उनके नेता ने ध्यान नहीं दिये, चाहे मण्डल कमीशन की सिपारिश को लागु करने की बात हो, चाहे जाति जनगणना की बात हो, चाहे ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की बात हो, इन सभी मुद्दों में कांग्रेस ने हमेशा अड़ंगा डाला और ओबीसी समाज के साथ अन्याय किया। आज इनको ओबीसी याद आ रही है।



# कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवागढ़

कारगिल विजय दिवस पर श्रीराम कृष्ण मंदिर परिसर में भारत माता की विशेष आरती का आयोजन किया गया। देशभक्ति गीतों के मध्य दीप प्रज्ज्वलित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखंडता के लिए प्रार्थना की।

मंदिर के महंत सुरेंद्र दास वैष्णव ने कहा, कारगिल युद्ध हमारे वीर जवानों की शौर्यगाथा का प्रतीक है। यह दिवस हमें हर बार यह याद दिलाता है कि देश की रक्षा सर्वोपरि है। सैनिकों का बलिदान व्यर्थ न जाए, इसके लिए हम सभी नागरिकों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और जागरूक रहना चाहिए।



इस अवसर पर जेजी गोस्वामी, मिन्टू बिसेन, बबलू ताम्रकार, लक्ष्मीचंद जैन, राजेन्द्र खुराना, रूपप्रकाश यादव, सूरज सिन्हा, अरुण बरनवाल, केके मिश्रा, कुमार वर्मा, पुजारी गंगा दास वैष्णव, नंददास वैष्णव, श्रीकांत ठाकुर, अरुण वैष्णव, आकाश पाल, आकाश रजक, सागर यादव, चन्द्रमणी साहू, पिंटू यादव, गुलाब पाल और राजू यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर परिसर वंदे मातरम् और भारत माता की जय जैसे नारों से गूंज उठा। उपस्थित जनों ने शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्रीय एकता और देशसेवा के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

### कारगिल विजय दिवस पर देशभक्ति को समर्पित कार्यक्रम

# कृषि कॉलेज में मना शौर्य और समर्पण का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र साजा में कारगिल विजय दिवस पर वीर जवानों की शौर्यगाथा को नमन करते हुए देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीय गर्व, बलिदान और समर्पण की भावना जागृत करना रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. गोविन्द प्रसाद कन्नौजे ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय सैनिकों ने दुर्गम हिमालयी क्षेत्रों में दुश्मनों को पराजित कर देश की सीमाओं की रक्षा की। वहीं डॉ. राजेश कुमार इक्का ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह विजय केवल युद्ध में जीत नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय अखंडता, एकता और अदम्य जज़्बे का परिचायक है।




कार्यक्रम की शुरुआत भाषण प्रतियोगिता से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध, भारतीय सैनिकों के बलिदान और उनके अद्वितीय शौर्य पर ओजस्वी विचार व्यक्त किए। 'अगर मौत भी आई तो हंसकर गले लगाएंगे' और 'कारगिल के वीर–राष्ट्र की शान' जैसे शीर्षकों ने माहौल को भावुक कर दिया। इसके पश्चात रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने कारगिल युद्ध, तिरंगा, हिमालय की चोटियाँ और भारतीय सेना के गौरव को रंगों के माध्यम से चित्रित किया। उनकी कलाकृतियों ने दर्शकों को देश के प्रति समर्पण की भावना से भर दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में भी छात्रों ने सैनिकों की वीरता, राष्ट्रगान के अंश और कारगिल के रणनीतिक स्थलों को चित्रों और नारों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। हर पोस्टर देशभक्ति का जीवंत प्रमाण बना।इसके अतिरिक्त देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। गीतों के माध्यम से छात्रों ने शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान को स्मरण किया। इस अवसर पर संपूर्ण कॉलेज परिवार ने कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सपनों के समृद्ध, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

